



# GMT-मास्टर II

ऑयस्टर, 40 मिमी, येलो गोल्ड

ऑइस्टर पर्पेचुअल GMT-मास्टर II में 18 कैरट पीला सोना के साथ टाइगर आइरन डायल और जुबिली (Jubilee) ब्रेसलेट है।




टाइगर आयरन

# जटिल संरचना

नई GMT-मास्टर II टाइगर आयरन डायल के साथ उपलब्ध है। रोलेक्स द्वारा पहली बार उपयोग की गई यह रूपांतरित चट्टान अपनी जटिल संरचना के कारण प्रसिद्ध है।

तीन खनिजों - बाघमणि (टाइगर आई), लाल जैस्पर और चांदी के हेमटिट से बना यह पत्थर सुनहरे और नारंगी रंग के साथ चमकता है, जो श्रमसाध्य चयन और सावधानीपूर्वक संयोजन के बाद, केस और ब्रेसलेट के रंगों के साथ सामंजस्यपूर्ण रूप से मेल खाता है।




24-घंटे का घूमने योग्य बेज़ेल

# नवोन्मेषी हाई-टेक्नोलॉजी

इस मॉडल की विशेषता टाइगर आइरन डायल और एक दो-रंग ग्रे और काले सेरामिक में सेराक्रोम बेज़ेल इन्सर्टहैं। पारंपरिक घंटे, मिनट और सेकंड की सुइयों के अतिरिक्त, GMT-मास्टर II में तीर के सिरे वाली एक सुई होती है, जो हर 24 घंटे में डायल का एक चक्कर लगाती है और दोनों दिशाओं में घूमने योग्य जिस पर 24-घंटे ग्रेजुएटेड बेज़ेल हैं।

अलग रंग से पहचान में आने वाली 24-घंटे दर्शाने वाली सुई पहले समय क्षेत्र में ''होम'' संदर्भ समय को दर्शाती है जिसे बेज़ेल के अंशांकन पर पढ़ा जा सकता है। वाइडिंग क्राउन के ज़रिए संचालित एक कुशल यंत्रावली की बदौलत यात्री के स्थानीय समय को एक से दूसरे घंटे पर ''छलांग लगाकर'' आसानी से सेट किया जा सकता है: घंटे दर्शाने वाली सुई को मिनट और सेकंड दर्शाने वाली सुइयों से स्वतंत्र रूप से आगे या

पीछे समायोजित किया जा सकता है। इससे यात्री अपनी टाइमकीपिंग की सटीकता को प्रभावित किए बिना अपने नए समय क्षेत्र के अनुसार परिवर्तन कर सकते हैं।




18 कैरट पीला सोना

# उत्कृष्टता के प्रति वचनबद्धता

खुद अपनी एक्सक्लूसिव फाउंड्री संचालित करने के कारण, रोलेक्स के पास उच्चतम गुणवत्ता के 18 कैरट गोल्ड मिश्रधातुओं की ढलाई की क्षमता है जो इसके किसी भी प्रतिद्वंद्वी के पास नहीं है। सिल्वर, कॉपर, प्लैटिनम या पैलेडियम के अनुपातों के अनुसार, अलग-अलग प्रकार का 18 कैरट गोल्ड प्राप्त होता है: येलो, पिंक या व्हाइट।

उन्हें केवल शुद्धतम धातुओं से बनाया जाता है और इन-हाउस प्रयोगशाला में अत्याधुनिक उपकरणों से बहुत ध्यानपूर्वक जांचा जाता है ,उसके बाद ही गोल्ड को गुणवत्ता पर उतनी ही कड़ाई से ध्यान देते हुए बनाया और रूप दिया जाता है। उत्कृष्टता के प्रति रोलेक्स की वचनबद्धता स्रोत से ही शुरू हो जाती है।



जुबिली ब्रेसलेट

# लचीला और आरामदेह

GMT-मास्टर II के इस संस्करण में जुबिली ब्रेसलेट फिट है। लचीले और आरामदेह पाँच-पीस लिंक वाले जुबिली ब्रेसलेट को खास तौर पर 1945 में ऑइस्टर पर्पेचुअल डेटजस्ट मॉडल के लॉन्च के लिए निर्मित किया गया था।

इस मॉडल में जुबिली ब्रेसलेट रोलेक्स द्वारा डिज़ाइन और -पेटेन्ट किए गए ऑयस्टरलॉक फोल्ड होने वाला सेफ्टी क्लास्प से लैस है, जो इसके अचानक खुलने को रोकता है। इसमें ब्रैंड द्वारा विकसित ईज़ीलिंक कम्फर्ट एक्सटेंशन लिंक भी है, जिससे ब्रेसलेट की लंबाई को लगभग 5 मिमी तक बढ़ाया जा सकता है। छुपी हुई अटैचमेंट प्रणाली ब्रेसलेट और केस के बीच निर्बाध दृश्यात्मक निरंतरता सुनिश्चित करती है।

# और पढ़ें तकनीकी विवरण
# GMT-मास्टर II

संदर्भ 126718GRNR

## मॉडल केस

**प्रकार**
ऑयस्टर, 40 मिमी, येलो गोल्ड

**व्यास**
40 मिमी

**सामग्री**
पीला सोना

**बेज़ेल**
दोनों दिशाओं में घूमने योग्य 24-घंटे वाला ग्रेजुएटेड बेज़ेल। सेरेमिक में दो-रंगों ग्रे और काला सेराक्रोम इन्सर्ट, ढाले हुए अंक और ग्रेजुएशन्स

**ऑयस्टर संरचना**
मोनोब्लॉक मिडल केस, स्क्रू-डाउन केस बैक और वाइंडिंग क्राउन

**वाइंडिंग क्राउन**
स्क्रू-डाउन, ट्रिपलॉक ट्रिपल वॉटरप्रूफ़नेस सिस्टम

**क्रिस्टल**
स्क्रैच-रोधी सैफ़ायर

**जल प्रतिरोधी-क्षमता**
100 मीटर / 330 फीट तक वॉटरप्रूफ़

## घड़ी की मशीन

**प्रकार**
परपेचुअल, मैकेनिकल, सेल्फ़-वाइंडिंग, GMT फंक्शन

**कैलिबर (घडी के चलने की यंत्रावली)**
3285, मैन्युफैक्चर रोलेक्स

**सटीकता**
-2/+2 सेकंड/दिन, केसिंग के बाद

**ऑस्सिलेटर**
पैरामैग्नेटिक ब्लू पैराक्रोम हेयरस्प्रिंग। हाई-परफ़ॉर्मेंस पैराफ़्लेक्स शॉक एब्ज़ॉर्बर्स

**वाइंडिंग**
दो दिशाओं में परपेचुअल रोटर के ज़रिए सेल्फ़-वाइंडिंग

**पॉवर रिज़र्व**
लगभग 70 घंटे

**फंक्शन**
मध्य घंटे, मिनट और सेकंड की सुइयाँ,24 घंटे का डिस्प्ले। घंटे की सुई की स्वतंत्र तीव्र सेटिंग के साथ दूसरा समय क्षेत्र। तत्क्षण तारीख। सटीक टाइम सेटिंग के लिए स्टॉप-सेकंड

## ब्रेसलेट

---

**प्रकार**
जुबिली (Jubilee), फ़ाइव-पीस लिंक्स

**ब्रेसलेट सामग्री**
18 कैरट पीला सोना

**क्लास्प**
ईज़ीलिंक 5 मिमी कंफ़र्ट एक्सटेंशन लिंक के साथ फ़ोल्डिंग ऑयस्टरलॉक सेफ़्टी क्लास्प

## डायल

---

**प्रकार**
टाइगर आइरन

**विवरण**
बेहद स्पष्ट क्रोमालाइट डिस्प्ले दीर्घकालिक नीली चमक के साथ

## प्रमाणन

---

**प्रकार**
सुपरलेटिव क्रोनोमीटर (COSC + केसिंग के बाद रोलेक्स सर्टिफ़िकेशन)

# Rolex.com को एक्सप्लोर करें और जानें

**सभी बौद्धिक संपदा अधिकार जैसे ट्रेडमार्क, सर्विस मार्क, ट्रेड नाम, डिज़ाइन और कॉपीराइट सुरक्षित हैं।**

इस वेबसाइट में शामिल कोई भी चीज़ लिखित अनुमति के बिना पुनरुत्पादित नहीं की जा सकती। रोलेक्स वर्तमान वेबसाइट में दिखाए गए मॉडलों में संशोधन करने का अधिकार हर समय सुरक्षित रखती है।

ROLEX